सत्यमेव जयते

संख्या— /जी0एस0/शिक्षा/A11-162/2018

प्रेषक,

रविनाथ रामन,
कुलाधिपति के सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल।

राज्यपाल/कुलाधिपति सचिवालय उत्तराखण्ड — देहरादून : दिनांक : 20 अगस्त, 2018

महोदय,

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 1677/Affi/2017—18 दिनांक 20.07.2018 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव व कुलपति जी की संस्तुति के क्रम में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति जी द्वारा श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय अधिनियम 2011 (यथा संशोधित) के अध्याय—06 की धारा—33 (1) के अधीन निम्न संस्थान को निम्नांकित पाठ्यक्रमों में उनके सम्मुख अंकित सीटों की प्रवेश क्षमता के साथ स्तम्भ—5 में वर्णित अवधि के लिए नवीन अस्थाई सम्बद्धता की स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन प्रदान की गयी है :—

| क्र0सं0 | संस्थान का नाम | पाठ्यक्रम का नाम | प्रवेश क्षमता | शैक्षणिक सत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | राजकमल साइंस एण्ड मैनेजमेन्ट कॉलेज, एन0एच0—58, रूड़की रोड़, बोग्ला, बहादराबाद, हरिद्वार। | बी0एस—सी0 (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस) | 60 सीट प्रति विषय | सत्र 2017—18 हेतु नवीन अस्थाई सम्बद्धता। |
| | | बी0कॉम | 60 सीट | |

1. **संस्थान को उक्त नवीन अस्थाई सम्बद्धता की स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की गई है कि संस्थान 02 माह के भीतर गणित एवं कम्प्यूटर साईन्स की फैकल्टी का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त करेगा।** तत्पश्चात संस्थान को अपने सभी मानक पूर्ण होनें तथा निर्विवाद गतिविधियों की पुष्टि का एक प्रमाण—पत्र विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा, तथा विश्वविद्यालय इसकी पुष्टि सुनिश्चित करेगा।
2. संस्थान को सम्बद्धता दिये जाने के सम्बन्ध में कुलपति की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि मानकों को पूर्ण कराते हुये सम्बद्धता के सम्बन्ध में कार्यपरिषद में लिये गये निर्णय की समयबद्ध/त्रैमासिक रिपोर्ट मा0 कुलाधिपति जी को प्रस्तुत करेंगे।
3. संस्थान/कॉलेज को शुल्क एंव प्रवेश के सम्बन्ध में शासन/विश्वविद्यालय/नियामक संस्था द्वारा समय—समय पर निर्धारित किये गये नियमों एंव आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। इसका उल्लंघन पाये जाने पर शासन/विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित संस्थान/कॉलेज के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जायेगी।
4. कुलाधिपति/शासन/विश्वविद्यालय द्वारा समय—समय पर स्वयं या अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से संस्था का निरीक्षण किया जा सकता है और पाठ्यक्रम हेतु सम्बन्धित नियामक संस्था एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किये गये मानकों/आदेशों का अनुपालन न करने पर संस्था के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जायेगी।
5. यदि नियामक संस्था, राज्य सरकार या अन्य एजेन्सी से मान्यता के सम्बन्ध में कोई आपत्ति या मान्यता निरस्तीरण हेतु कोई आदेश/पत्र प्राप्त होता है, तो संस्थान के विरूद्ध तद्नुसार कार्यवाही की जायेगी तथा प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
6. संस्थान द्वारा नियुक्त फैकल्टी स्टॉफ यदि किसी अन्य संस्थान में कार्यरत पाये जाने के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होनें पर सम्बन्धित संस्थान के विरूद्ध नियमानुसार यथोचित कार्यवाही की जायेगी।

क्रमशः/2